भारत सरकार

कोयला मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 678

जिसका उत्तर 16 सितम्बर, 2020 को दिया जाना है

कोयले का आयात

678. श्री कृष्ण पाल सिंह यादव :

क्या **कोयला मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारत सरकार द्वारा प्रतिवर्ष कितनी मात्रा में कोयले का आयात किया जाता है;

(ख) क्या आगामी वर्ष में विद्युत उत्पादन के लिए आयातित कोयले की कोई अनुमानित लागत है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

संसदीय कार्य, कोयला एवं खान मंत्री

(श्री प्रल्हाद जोशी)

(क) : कोयले का आयात खुले सामान्य लाइसेंस (ओजीएल) पर होता है और कोयले के आयात में भारत सरकार की कोई भूमिका नहीं है। वर्ष 2019-20 में घरेलू उपभोक्ताओं ने 248.54 मिलियन टन (मि.ट.) कोयले का आयात किया है।

(ख) : जी, नहीं।

(ग) : उपर्युक्त भाग (ख) को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

*****